हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

11 बीडीपीओ ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं



12 औचक निरीक्षण में एंबुलेंस कंट्रोल रूम के चार कर्मी मिले अनुपस्थित



## खबर संक्षेप



**महेंद्रगढ़।** रोगियों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 22 रोगियों की हुई जांच

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक वीरवार को शाम चार बजे से लगाया जाता हैं। शिविर में यदुवंशी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने रोगियों की हृदय जांच की व उनके सहयोगी सुखबीर ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी, वजन इत्यादि की जांच की। इसके पश्चात डॉक्टर सुप्रतिक्ष यादव ने 22 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष संजय राव, जगदीश प्रसाद व अजीत उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता के पिता के निधन पर बार ने किया वर्क सस्पेंड

**कनीना।** कनीना सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता



राकेश वासी मानपुरा के पिता टोडाराम के निधन पर बार एसोसिएशन कनीना के सदस्यों ने दो मिनट को मौन रखकर श्रधासुमन अर्पित किए। इतना ही नहीं, उनकी ओर से एक दिन का वर्क सस्पेंड भी रखा। बार एसोसिएशन कनीना के प्रधान सुनील यादव रामबास ने बताया कि टोडाराम 98 वर्ष के थे जो पिछले समय से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### गनियार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**मंडी अटेली।** अटल भूजल योजना के अंतर्गत गांव गनियार में वीरवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रेमलता यादव ने कहा कि गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है। जल संचयन सहित अन्य विधियों से भूजल स्तर में सुधार करना वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अटल भूजल योजना की जानकारी देते हुए खंड संसाधन संयोजक विक्रम यादव व युवा मित्र मनोज कुमार ने ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों को जल सुरक्षा प्लान व जल बजट योजना बनाने में ग्राम पंचायत की भागीदारी, जल के प्रति महिलाओं के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन, जन भागीदारी व किसानों से मिलकर समूह चर्चा की। कार्यक्रम में सहभागी विभागों द्वारा अटल भूजल योजना में फार्म पॉन्ड, पाइप लाइन, ड्रिप, फव्वारा पद्धति, मल्चिंग, जोहड़ व तालाब इत्यादि की खुदाई पर सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी पर भी जानकारी दी गई। अटल भूजल योजना में वर्षा मापी यंत्र, पिजो मीटर के माध्यम से भूजल स्तर मापन किया गया।

# महेंद्रगढ़ शहर में जगी विकास की उम्मीद, बैठक में 4.33 करोड़ के 12 प्रस्ताव पर लगी मोहर

- शहर में डोर टू कलेक्शन के लिए 2.15 करोड़ रुपये का किया जाएगा टेंडर जारी
- डीएमसी ने अधिकारियों को दिए एक माह में धरातल पर विकास कार्य उतारने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नारनौल में आयोजित हुई नगर पालिका फाइनेंस कमेटी की बैठक के बाद शहर में दो साल बाद विकास कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। बैठक में सर्वसम्मति में 4.33 करोड़ रुपये के 12 प्रस्तावों पर मोहर लगी है। बैठक के दौरान डीएमसी ने अधिकारियों को एक माह में विकास कार्य धरातल पर उतारने के आदेश जारी किए हैं। बता दें कि नगर पालिका के विकास कायारें की निगरानी व उनकी मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से सभी नगर पालिका व परिषदों में फाइनेंशियल कमेटी के गठन के आदेश जारी किए थे। सरकार के इन आदेशों में पांच सदस्यीय इस कमेटी में नपा सचिव, प्रधान व उपप्रधान की नियुक्ति सरकार की तरफ से ही कर दी गई है। जबकि दो सदस्यों का नपा सदन के पार्षदों में से चुना गया था। 9 मई 2023 विवादों के बीच फाइनेंस कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी का गठन के एक साल तक कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।



**महेंद्रगढ़।** डीएमसी कार्यालय में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

19 जून को पहली फाइनेंस कमेटी की बैठक आयोजित होनी थी, लेकिन हंगामे के चलते स्थागित करना पड़ा था। वीरवार को आयोजित हुई बैठक में 4.33 करोड़ की लागत से 12 प्रस्ताव किए गए। करीब 2.15 करोड़ की लागत से शहर से कूडा कलेक्शन का टेंडर जारी किया जाएगा। वहीं 2.17 करोड़ की लागत से अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे।

### दो साल से नहीं हुए शहर में कोई विकास कार्य

जून 2022 में नगर पालिका की कार्यकारिणी के चुनाव हुए थे। भाजपा का चेयरमैन चुने जाने के बाद आमजन को शहर में विकास कार्य को लेकर काफी उम्मीदें थी। वहीं भाजपा नेताओं की ओर से भी ट्रीपल इंजन की सरकार शहर में लाएगी विकास की बहार का नारा दिया जा रहा था, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी शहर में कोई विकास कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। दो साल के दौरान अधिकारियों व पार्षदों के बीच आयोजित हुई बैठक में अनेक प्रस्ताव पास किए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई भी प्रस्ताव धरातल पर नहीं उतर पाया है।

### इन विकास कार्य पर लगी है मोहर

1. राव बहादुर सिंह की कोठी से सब्जी मंडी के पास ख्याली राम धर्मशाला तक 33.16 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण।
2. वाल्मीकि मंदिर से लेकर 11 हट्टा बाजार तक 18.72 लाख की लागत से सड़क निर्माण।
3. 14.72 लाख रुपये की लागत से साईं मंदिर से पुराना महिला कॉलेज तक सड़क निर्माण कार्य।
4. आईपीबी रोड से ब्रहमानंद के घर तक 1.64 लाख रुपये से सड़क का निर्माण।
5. भाई रामसिंह की कोटी से मोदाश्रम मंदिर तक 49.98 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य। 6. 14.72 लाख रुपये की लागत से भाई रामसिंह की कोठी से मौहल्ला सराय होते हुए नारनौल रोड तक का सड़क।
7. बालाजी चौक से शॉपिंग कॉम्पलैक्स प्याऊ तक 20.07 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण।
8. शेरावाली मंदिर से बगीची तक 22.79 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य।
9. आईपीबी रोड राजकुमार के घर से अनूप कुमार के घर तक 4.40 लाख से सड़क का निर्माण।
10. वाल्मीकि मंदिर से विजय पार्षद मकान तक 34.21 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण।
11. बीरू कबाड़ी के गोदाम से लेकर मोदाश्रम तक 17.65 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य।
12. शहर में 2.15 करोड़ की लागत से डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का टेंडर।

## पोस्टमार्टम के बाद सामने आएगा सच, दो जून को हुई थी घटना

# पड़ोसियों पर 18 माह की बेटी की हत्या का आरोप, 25 दिन बाद मिट्टी से निकाला शव

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट कनीना तहसीलदार व डीएसपी की मौजूदगी में धौलपोश के श्मशान घाट से निकाला बच्ची का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के मोहल्ला सलीमाबाद निवासी एक महिला ने पड़ोस के परिवार के पांच लोगों पर 18 माह की बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी है। उपायुक्त के आदेश पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कनीना तहसीलदार व डीएसपी की मौजूदगी में पुलिस ने 25 दिन बाद धौलपोश के श्मशान घाट से बच्ची का शव बाहर निकाला है।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक परिवार के पांच सदस्यों पर हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में शहर की सलीमाबाद निवासी पूनम ने बताया कि दो जून को समय सुबह करीब आठ बजे पानी की नाली को लेकर पड़ोसियों के साथ झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान पड़ोसियों के पांच सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद आरोपितों ने घर में घुसकर 18 माह की बेटी पुलकित की हत्या कर दी। परिवार के सदस्यों के कहने पर हमने पुलिस में शिकायत नहीं दी तथा शव को मिट्टी में दबा दिया। इसके बाद आरोपित उसे रोजाना ताना मारने लगे कि हमने उसकी बेटी का मर्डर कर दिया और हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाई।





**महेंद्रगढ़।** श्मशान घाट में मिट्टी से बच्ची का शव बाहर निकालते हुए तथा शव निकाल डिब्बे में रखा। फोटो : हरिभूमि

महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 जून को भी आरोपितों ने अन्य अपराधी किस्म के लोगों को बुलाकर मारने के लिए बुला रखा था। जिसकी तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हैं। इसके बाद दो अज्ञात लोगों से पति व परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद महिला ने पुलिस को शिकायत दी। महिला की शिकायत पर सलीमाबाद निवासी सुनीता, सीता, दामिनी, महक व राजेश उर्फ राजू के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 302, 323, 452, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं वीरवार की शाम को उपायुक्त के आदेश पर नियुक्त किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट कनीना तहसीलदार व डीएसपी की मौजूदगी में शव को मिट्टी से बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया है।

### मामला दर्ज, जांच शुरू

सिटी एसएचओ उदयभान ने बताया कि पीड़ित महिला की ओर से बुधवार को शिकायत दी गई हैं। पीड़ित महिला का कहना है कि दो जून की पड़ोसी की महिला ने उसके साथ मारपीट तथा बाद में उसकी 18 माह की बेटी हत्या कर दी है। उस पर मृत बच्ची को मिट्टी में दबा दिया गया था। शिकायत मिलने के बाद बच्ची का शव मिट्टी से बाहर निकाल लिया गया है। वहीं महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**नारनौल।** पुलिस के समक्ष अपना पक्ष रखते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

## सामान गाड़ी में रखा, टायर में हवा डलवाने के बहाने से फरार

- दुकानदार ने पड़ोसी की सहायता से दूसरे व्यक्ति को पकड़ा पुलिस के हवाले किया, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नई मंडी वासी मामचंद मित्तल ने शिकायत में बताया है कि उसकी नई अनाज मंडी में किरयाने की दुकान प्रभुदयाल रामरतन के नाम से है। दुकान पर करीब दस-साढ़े दस बजे दो व्यक्ति सफेद रंग की गाड़ी में आए। उन्होंने चीनी, घी व काजू वगैरा का भाव पूछा। भाव बता दिया। भाव तय करके बोले माल गाड़ी में डलवा दो। गाड़ी में दो कट्टे चीनी, दो कट्टे मैदा, दो टीन रिफाइन्ड, दो टीन डालडा घी व दो टीन देशी घी, दो टीन काजू और 30 किलोग्राम मोटा बेसन गाड़ी में रखवा दिया। जिसका बिल 45 हजार 420 रुपये बना। पैसा मांगने पर 30 हजार नगद व 15 हजार पेटीएम करेंगे। उस वक्त एक व्यक्ति गाड़ी में ड्राइवर सीट पर बैठा हुआ था। दूसरे व्यक्ति से बार-बार पैसे मांगे, तब उस व्यक्ति ने कहा कि गाड़ी में हवा कम है और पैसे के लिए वह यहां पर है। ये हवा भरवाने जा रहे है। अभी आ जाएंगा, तब आवाज लगाई, तब जाकर इस व्यक्ति को पड़ोसी ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। गाड़ी का नंबर आरजे-32 इतना ही देख पाए। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने यह शिकायत दी और अपने साथ एक व्यक्ति राजकुमार वासी नालपुर मेहाड़ा राजस्थान को पकड़ कर लाया। जिससे विधि अनुसार पूछताछ की गई। मौका घटनास्थल की तस्दीक व शिकायत के सार से अभी तक प्रथम दृष्टि से आईपीसी की धारा 406,420 के तहत केस दर्ज किया है।

**बाल संरक्षण आयोग की टीम ने होटलों व दुकानों पर कार्य करने वाले बच्चों को मुक्त कराया (कनीना)।** बाल संरक्षण आयोग की टीम ने वीरवार को कनीना के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर रेहड़ी-फडी, चाय की दुकानों तथा होटल आदि पर काम करने वाले कम आयु के बच्चों को मुक्त कराया। टीम के कनीना पंहुचते ही उन लोगों में हड़कंप मच गया, जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से व्यवसायिक कार्य करवा रहे थे। टीम में शामिल अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने ऐसे दुकानदारों व होटल संचालकों को बच्चों से कार्य न करवाने की हिदायत दी। टीम ने विभिन्न स्थानों से करीब आधा दर्जनभर बच्चों को कार्य से मुक्त कराया।

## सैदअलीपुर में कुए में गिरने से युवक की मौत

- 13 जून से लापता चल रहा था चुवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

निजामपुर थाना के गांव सैदअलीपुर में कुए में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक गत 13 जून से लापता चल रहा था। युवक मृतावस्था में मिलने से परिजन गमज़दा हैं, जबकि निजामपुर पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया हादसे की करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल नारनौल से शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार करीब 35 वर्षीय राकेश कुमार गत 13 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया था, जिस पर उसके भाई राजेश ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि वह बिना बताए घर से चला गया है। उसे निजी तौर पर आसपास, रिश्तेदारी व गांव में पता कर लिया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। उसकी तलाश की जाए, लेकिन अब कुछ दिन बीतने के बाद राकेश कुमार का शव गांव के ही एक कुएं से बरामद हुआ है। कुए से शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिस पर उसकी पहचान राकेश के रूप में हुई। राजेश ने बताया कि राकेश का कुछ समय पहले एक महिला लाकर घर बसाया था, लेकिन वह उसे छोड़कर चली गई। जिसके बाद से ही वह गुमशुम एवं मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। निजामपुर पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करवा उसे परिजनों को सौंप दिया।

## 30 जून को पश्चिम में होगा शुक्र का उदय, गूंजेंगी शहनाई

**सतनाली मंडी।** पिछले कुछ दिनों से बंद विवाह-शादी एवं मांगलिक कार्यों का 30 जून को शुक्र ग्रह के उदय के साथ शुभारंभ हो जाएगा। ज्योतिर्विद पं. कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शुक्र ग्रह का 30 जून को पश्चिम में उदय होगा। 17 जुलाई को देव शयन करेंगे। जिसके बाद चार माह के लिए पुनः शुभ मुर्हूतों पर विराम लग जाएगा। जुलाई माह में सात विवाह मुहूर्त बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे धर्मशास्त्रों के अनुसार सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए शुक्र ग्रह की उदय कालीन अवस्था में विवाह कार्य शुभ माना गया है। शुक्र ग्रह के उदयकालीन अवधि में विवाह गृहस्थ जीवन को सुखद बनाता है और जब शुक्र अस्त हो इस अवधि में विवाह कार्य कष्टकारी कहा गया है। उन्होंने बताया कि शुक्र के पश्चिम में उदय एवं पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य के चलन से देश व प्रदेश के विभिन्न भागों में श्रेष्ठ वर्षा के योग भी बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 व 17 को विवाह मुहूर्त विद्यमान रहेंगे।

## टांटला चौक लहरोदा पर हुई सड़क दुर्घटना में पंप ऑपरेटर की मौत

- नारनौल-महेंद्रगढ़ रोड पर 152-डी फ्लाईओवर के नीचे छोटी नहर के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल-महेंद्रगढ़ रोड पर 152-डी फ्लाईओवर के नीचे छोटी नहर की तरफ अज्ञात स्कारपियो की टक्कर से जनस्वास्थ्य विभाग का एक पंप कर्मी गांव खामपुरा निवासी करीब 45 वर्षीय अनिल कुमार की मौत हो गई। अनिल कुमार हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत जनस्वास्थ्य विभाग सिहमा में बतौर पंप ऑपरेटर नौकरी पर लगा हुआ था। वह बुधवार शाम को अपनी मोटसाइकिल से ड्यूटी कार्य करने के लिए नसीबपुर गया हुआ था। जब शाम को करीब 8 बजे नसीबपुर से वापस अपने गांव खामपुरा लौट रहा था, तब टांटला चौक के समीप गलत दिशा से तेज एवं गफलत में आ रही स्कारपियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें अनिल कुमार सड़क पर गिर गया और बुरी तरह से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डॉयल 112 को दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अनिल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन एवं ग्रामीण भी अस्पताल पहुंचे। गुरुवार सुबह परिजनों के बयान पर स्कारपियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने उपरांत पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछड़े एक लड़की एवं दो लड़के छोड़ गया है। ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में गुरुवार दोपहर को गांव खामपुरा में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

### खाटूश्याम जी के लिए भी अलग से ट्रेन

# टनकपुर-दौराई (अजमेर) के बीच तीन माह दौड़ेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रेलवे विभाग की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए टनकपुर-दौराई (अजमेर)-टनकपुर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 05097 टनकपुर-दौराई (अजमेर) त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा एक जुलाई से 27 सितम्बर तक (39 ट्रिप) टनकपुर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को 18:25 बजे रवाना होकर अगले दिन 13:40 बजे दौराई (अजमेर) पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05098 दौराई (अजमेर)-टनकपुर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दो जुलाई से 28 सितम्बर तक (39 ट्रिप) दौराई से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को 16:05 बजे रवाना होकर अगले दिन 09:45 बजे टनकपुर पहुंचेगी। इस रेलसेवा में एक सैकण्ड एसी, तीन थर्ड एसी, सात द्वितीय शयनयान, पांच साधारण श्रेणी व दो गार्ड डिब्बो सहित कुल 18 डिब्बे होंगे। वहीं रेलवे वे खाटूश्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी रेलसेवा दो, छह, सात, 13, 14,17,20,21,27,28 व 31 जुलाई को (11 ट्रिप) रेवाड़ी से 11:40 बजे रवाना होकर 14:40 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा दो, छह, सात, 13,14,17,20,21,27,28 व 31 जुलाई को (11 ट्रिप) रींगस से 15:00 बजे रवाना होकर 18:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इस रेलसेवा में आठ द्वितीय साधारण श्रेणी और दो गार्ड श्रेणी के कुल 10 डिब्बे होंगे।

### यह रहेगा शेड्यूल

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 18:25 | टनकपुर | 09:45 | — |
| (सोम,बुध, शुक्र) | | (बुध,शुक्र,रवि) | | |
| 18:50 | 18:55 | खटीमा | 09:05 | 09:10 |
| 19:40 | 19:45 | पीलीभीत | 08:10 | 08:15 |
| 20:25 | 20:27 | भोजीपुरा | 07:28 | 07:30 |
| 20:40 | 20:42 | इज्जतनगर | 07:13 | 07:15 |
| 21:05 | 21:10 | बरेली सिटी | 06:50 | 06:55 |
| 21:25 | 21:30 | बरेली जं. | 06:35 | 06:40 |
| 23:10 | 23:15 | चन्दौसी | 04:27 | 04:32 |
| 00:40 | 00:50 | मुरादाबाद | 03:32 | 03:40 |
| 01:33 | 01:35 | गजरौला | 02:32 | 02:34 |
| 03:02 | 03:04 | गाजियाबाद | 01:15 | 01:17 |
| 03:45 | 04:00 | दिल्ली जं. | 00:25 | 00:35 |
| 04:28 | 04:30 | दिल्ली कैंट | 22:50 | 22:52 |
| 04:46 | 04:48 | गुरुग्राम | 22:30 | 22:32 |
| 06:45 | 06:47 | रेवाड़ी | 22:03 | 22:05 |
| 07:56 | 07:58 | नारनौल | 20:35 | 20:37 |
| 08:54 | 08:56 | नीमकाथाना | 19:45 | 19:47 |
| 09:23 | 09:25 | श्रीमाधोपुर | 19:05 | 19:07 |
| 09:35 | 09:40 | रींगस | 18:50 | 18:55 |
| 11:33 | 11:35 | फुलेरा | 17:58 | 18:00 |
| 12:20 | 12:22 | किशनगढ़ | 17:05 | 17:07 |
| 13:10 | 13:20 | अजमेर | 16:25 | 16:35 |
| 13:40 | — | — | 16:05 | |
| (मंगल,गुरु,शनि) | (मंगल,गुरु,शनि) | | | |

रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का शेड्यूल

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 11:40 | रेवाड़ी | 18:20 | — |
| 12:01 | 12:03 | कुण्ड | 17:28 | 17:30 |
| 12:10 | 12:12 | काठूवास | 17:20 | 17:22 |
| 12:22 | 12:24 | अटेली | 17:08 | 17:10 |
| 12:37 | 12:39 | नारनौल | 16:53 | 16:55 |
| 12:48 | 12:50 | अमरपुरजोरासी | 16:42 | 16:44 |
| 12:58 | 13:00 | निजामपुर | 16:33 | 16:35 |
| 13:11 | 13:13 | डाबला | 16:20 | 16:22 |
| 13:27 | 13:29 | मांवड़ा | 16:04 | 16:06 |
| 13:37 | 13:39 | नीमकाथाना | 15:52 | 15:54 |
| 13:55 | 13:57 | कावंट | 15:26 | 15:28 |
| 14:11 | 14:13 | श्रीमाधोपुर | 15:10 | 15:12 |
| 14:40 | — | रींगस | — | 15:00 |

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, केस दर्ज

### 566 बोतल देशी, अंग्रेजी व बीयर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव खुडाना में सदर थाना पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने आरोपित कब्जे से 47 पेटी शराब व बीयर बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार के अनुसार आकोदा चौकी की पुलिस टीम ने गस्त पड़ताल पर गांव खुडाना मोड पर मौजूद थी। टीम को इस दौरान सूचना मिली कि गांव खुडाना निवासी लीलू अवैध रूप से देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर बेचता है, जो अब भी अपने पशुओं के गुवाड़े में देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर बेचने के लिए रखे हुए है। अगर रेड कि जाए तो शराब सहित काबू आ सकता है।

टीम ने लीलू के पशुओं के गुवाडे में रेड की तो एक अधेड उम्र का व्यक्ति गुवाडे में बैठा हुआ था। पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम लीलू बताया। जिसके पास शराब व बीयर की पेटियां रखी हुई थी। टीम द्वारा चैक करने पर 566 बोतल देशी, अंग्रेजी व बीयर की बरामद हुई।

विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून




बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतुहल जगाते रहे हैं। जानो, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन

बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।




## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।



**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *



### खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

स्कूल खुलने पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



**बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर :** मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन :** तरबूजा।
**टीचर :** ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
रोहन : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।

**-आकाश, रोहतक**

**चिंटू :** मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी :** 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।

**-अमन, रायपुर**




**पप्पू :** पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू :** समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।

**-हितेन, भोपाल**

कहानी
पवन कुमार वर्मा

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?

# मुर्गों की आपात बैठक



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता
शिवचरण चौहान




## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





निशिता, दिल्ली



दिव्यांश, दुर्ग



दिव्या, बिलासपुर



डॉली, मटियारी



दीक्षा, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद



अंकित, धमतरी


## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

**खबर संक्षेप**

## नशे की दवाइयां बेचने पर तुरंत हो कार्रवाई

**नारनौल।** एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वीरवार लघु सचिवालय में नार्को कोआर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशा से संबंधित कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही दवाइयों की दुकान पर लगातार छापेमारी की जाए। कहीं भी गैर कानूनी तरीके से नशे की दवाइयां बेचने की सूचना मिले तो तुरंत प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जिलाधीश की ओर से जिला के सभी मेडिकल फार्मेसी दुकानदार को अपनी दुकानों के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों की सख्ती से पालना करवाएं। जिला में लगभग 650 मेडिकल स्टोर हैं। इन सभी में ये पालना होनी चाहिए।

### प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए शिविर का आयोजन

# बीडीपीओ ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

रेणुलता यादव ने वीरवार को मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायतें सुनती बीडीपीओ रेणुलता यादव। फोटो : हरिभूमि

- सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा
- 46 बुढ़ापा व दो दिव्यांग पेंशन बनाई

बीडीपीओ रेणुलता यादव ने वीरवार को समाधान शिविर में 17 लोगों की शिकायतें सुनी। इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया, बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र व बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामले की शिकायत सुनी। इस दौरान मैनेजर रवि तंवर ने बताया कि फैमिली आईडी से संबंधित 41 शिकायत आई, जिनमे से 30 का मौके पर ही निपटारा किया व जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप ने बताया कि 46 बुढ़ापा पेंशन व दो दिव्यांग पेंशन बनाई। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा पवन खैरवाल, तहसीलदार अटेली संजीव नागर, कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, एसईपीओ मोहनलाल, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव, क्रीड से अनिता सैनी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पीएम श्री स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

- 44 शिक्षकों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद गुरुग्राम के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली में तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड संसाधन संयोजक मुकेश शर्मा के दिशा-निर्देशन में इस तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ मॉडल संस्कृति स्कूल के प्राचार्य राकेश यादव तथा पीएम श्री स्कूल के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने किया। कार्यशाला में डाइट प्रवक्ता अरुण कुमार मॉनिटरिंग के लिए मौजूद रहे। जीवन कौशल पर आधारित इस कार्यशाला में पीएम श्री स्कूलों के 44 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी शिक्षकों को क्षमता वृद्धि तथा कौशल विकास की एससीईआरटी गुरुग्राम से लाइव प्रशिक्षण व महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। प्राचार्य राकेश कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से शिक्षक की क्षमता में वृद्धि होती है, जो विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा में एक बेहतरीन कदम है। कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यापकों में आत्मविश्वास का निर्माण करना और उनकी महत्वपूर्ण सोच को प्रोत्साहित कर सकारात्मक रूप प्रदान करना है। कार्यक्रम संचालन सहयोगी प्रवक्ता डॉ. सीएस वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवनपर्यंत चलने वाली एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए एक शिक्षक को निरंतर सीखते और सीखते रहना चाहिए। सभी विषय अपने आप में महत्वपूर्ण है और उनमें बच्चों का भविष्य संवारने की अपार संभावनाएं हैं। सिर्फ बच्चों का मार्ग-दर्शन करने एवं विस्तृत जानकारी देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बीआरपी रोहतास श्योराण, अजीत यादव, प्रवक्ता अनिल जांगड़ा, गुरुग्राम से सुनील सोलंकी, वरिष्ठ प्रवक्ता दलीप भगवाड़िया आदि अध्यापक मौजूद रहे ।

# सरिता जांगिड़ ने जताया सीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। सीएम का आभार जताती प्रदेश सचिव सरिता जांगिड़।

- करण देव कंबोज व श्यामलाल जांगड़ा का धन्यवाद किया

भारतीय जनता पार्टी की ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव सरिता जांगिड़ ने हरियाणा सरकार द्वारा बैकवर्ड क्लास के लिए की गई कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह का मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश की टीम के साथ पहुंचकर आभार जताया है। साथ ही साथ उन्होंने ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष करण देव कंबोज एवं ओबीसी आयोग के मेंबर श्यामलाल जांगड़ा का भी धन्यवाद किया और कहा कि पिछड़ों को आगे बढ़ाने का सरकार का यह कदम ऐतिहासिक है। यहां जारी प्रेस ब्यान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दो दिन पहले ओबीसी के लिए क्लास वन व टू के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा करके एक बहुत बड़े वर्ग को जो अभी तक पिछड़ा हुआ था उसे आगे लाने की नींव रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ओबीसी वर्ग को रोजगार में गमहत्वपूर्ण लाभग देने के लिए क्रीमी लेयर के लिए वार्षिक आय सीमा छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दी है। गुरुग्राम में आयोजित ओबीसी मोर्चा सर्व समाज समरसता सम्मेलन में सीएम ने इस वर्ग के लिए अनेक ऐतिहासिक घोषणाएं की हैं। ओबीसी मोर्चा कि प्रदेश सचिव ने कहा कि ग्रुप-ए और बी श्रेणी की नौकरियों में पिछड़े वर्ग के लिए रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा सीएम ने की है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओबीसी समुदाय के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग हैं। उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए सरकार ने हरियाणा में हर स्तर पर ओबीसी समुदाय को लाभान्वित करने की अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

# शरीर की व्याधियों को दूर करने के लिए प्रतिदिन योग अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। रामलीला मैदान में योग करते लोग। फोटो :हरिभूमि

रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं बेलाज की ओर से 12 दिवसीय निःशुल्क पतंजलि योग शिविर का आयोजन रामलीला मैदान चांदूवाड़ा में किया जा रहा है। जिसमें पतंजलि के योगाचार्य डॉ निलेश मुदगिल, सीपी संघी एडवोकेट तथा आरोग्यम वेलनेस सेंटर से डॉ नितिन योगाचार्य प्रतिदिन शिविर में पधारे सभी लोगों को अपने प्रतिदिन की दैनिक दिनचर्या में आवश्यक योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हैं। उन्होंने कपाल भाती, अनुलोम विलोम आदि अनेक प्राणायाम करवाकर उनसे होने वाले स्वास्थ्य लाभ से सभी को अवगत करवाते हुए कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे पौराणिक परंपराओं में से एक है और हमारी आज की जीवन शैली को देखते हुए हम सभी को प्रतिदिन योग करना अनिवार्य है। वीरवार को प्रमुख समाजसेवी रमेश कुमार योग शिविर में मुख्य अतिथि रहे। रामलीला ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग व योगाचार्य ने मुख्यातिथि को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। संजय गर्ग ने कहा कि प्रतिदिन मात्र एक घंटा योग करके हम अपने शरीर और स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। योग मानव शरीर की अनेक व्याधियों को नष्ट करता है ।

# व्यवसाय को एक छोटी इकाई से करें आरंभ : विजय सिंह




नारनौल। ईडीपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद जिला प्रबन्धक विजय सिंह व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नसीबपुर की ओर से वीरवार नांगल सिरोही में पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह ने जनरल ईडीपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पंजाब नैशनल बैंक मुख्य अग्रणी जिला प्रबन्धक विजय सिंह ने किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी भी व्यवसाय को एक छोटी इकाई से आरम्भ करके धीरे-धीरे इस व्यवसाय को बढ़ाकर अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। संस्थान के निदेशक एचआर सभरवाल ने बताया कि संस्थान सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क कौशल विकास के प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी जीविकापार्जन में अहम भूमिका निभा रहा है।

# रितिक ने आईआईएसईआर की परीक्षा में पाई 10वीं रैंक

- आरपीएस विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित : डॉ . पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। छात्र रितिक को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय के छात्र रितिक शर्मा ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की परीक्षा में अपनी कैटेगरी में 10वां रैंक हासिल कर अपने माता-पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र अब अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुणे स्थित आईआईएसईआर में दाखिला लेगा। विद्यालय के छात्र की इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आरपीएस विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज आरपीएस के बच्चे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचत लहरा रहे हैं। यह सब अभिभावकों के विश्वास व शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन तथा बच्चों की मेहनत से ही संभव है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि आईआईएसईआर भारत सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय के माध्यम से प्राकृतिक विज्ञान में शिक्षण एवं अनुसंधान के लिए तथा अनुसंधान के साथ एकीकृत आधारभूत विज्ञान में महाविद्यालयीन शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित प्रतिष्ठित स्वायत्त संस्थानों का एक समूह है।

**दादा को बताया प्रेरणा स्त्रोत:**

गांव धौलेड़ा निवासी छात्र रितिक शर्मा के पिता रोशनलाल शर्मा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में चालक के पद कार्यरत है, जो आर्मी से सेवानिवृत है। माता मीना शर्मा गृहिणी है। छात्र के प्रेरणा स्त्रोत उसके दादा शिवचरण शर्मा हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद से सेवानिवृत है। इस सफलता में उन्होंने अपने मामा संदीप, अन्य परिजनों व रिश्तेदारों की प्रेरणा भी बताया। छात्र रितिक शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी व अपने गुरुजनों को दिया।



नारनौल। नार्को कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक लेते एसडीएम डा जितेंद्र सिंह।

# महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी पाली-भगड़ाना बड़ी नहर का काम लगभग पूरा

- टेल के गांव तक अधिक पानी पहुंच सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी बड़ी नहर जो पाली-भगड़ाना होते हुए टेल के गांव गडानियां-खेड़की तक जाती है, उसमें अब थोड़ा और अधिक पानी चल सकेगा। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पाली भगड़ाना बड़ी नहर भगड़ाना गांव के पास जहां दोहान नदी को पार करती, वहां लगभग 50 मीटर का एक साइफन बना हुआ है। जिससे दोहान नदी के बहाव क्षेत्र में किसी प्रकार की रूकावट न आए। एक तरफ जहां ये साइफन जर्जर हो गया था, वहीं दूसरी तरफ पिछले लगभग 15 साल से इसकी सफाई भी नहीं हुई थी। इससे इस नहर में तय क्षमता से कम पानी चलता था और टेल पर पड़ने वाले गांव पल्ह, बैरावास, पाल, गडानिया, खेड़की, कुक्सी आदि तक कम पानी पहुंचता था। इस विषय को लेकर सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से बात की गई तथा सारा मामला संज्ञान में डाला गया। अब यहां नए साइफन का काम लगभग पूरा हो चुका है। इस साइफन को बॉक्स कल्वर्ट के रूप में बनाया गया है तथा जहां पहले वाली साइफन की ऊंचाई पांच फिट से भी कम थी, वहीं इस नए साइफन की ऊंचाई 6.5 फीट से अधिक है। सही ऊंचाई होने से आने वाले समय में इस साइफन में जमने वाली गाद को आसानी से साफ किया जा सकेगा। इस साइफन पर लगभग 10 लाख रुपये की लागत आई है। बड़ा साइफन बनाए जाने से अधिक पानी चलेगा, जिससे टेल पर पड़ने वाले गांवों में अधिक पानी पहुंचेगा।

# कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 27वीं बैठक वीरवार को कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बावल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मबीर यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के सदस्यों कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी, मछली पालन, भूमि सुधार वानिकी, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा एवं नाबार्ड आदि के अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों और महिला किसानों ने भी बैठक में भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. रमेश कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई प्रस्तुत की। बैठक में सभी सदस्यों ने प्रस्तुत कार्रवाई पर सहमति प्रदान की तथा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने केंद्र द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा वर्ष 2024-25 में किए जाने वाले कार्यों की योजना प्रस्तुत की। डॉ. बलवान सिंह ने अपने सुझावों के तहत कृषि विज्ञान केंद्र को किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों के साथ-साथ वित्तीय संस्थानों की जानकारी दी जानी चाहिए। इस दौरान डा. बलवान ने बैठक में मौजूद विभागों के अधिकारियों को प्रायोजित प्रशिक्षण के आयोजन के लिए कहा।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर किसान सुमेर सिंह, किशन लाल, महिला किसान सुमनलता, हेमलता, वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. राजपाल यादव, डॉ. आशीष शिवरान, डॉ. पूनम व वरिष्ठ कीट वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव उपस्थित रहे।

# पानी की बर्बादी रोकने के लिए रामबास में चलाया जागरुकता अभियान

- अभियान की अध्यक्षता सरपंच सरोज देवी ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। रामबास में जागरूक करते पंचायत सदस्य एवं जलकर्मी।

उपमंडल के गांव रामबास में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जल बचाओ जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता सरपंच सरोज देवी ने की। पंचायत सदस्यों के साथ कर्मियों ने गांव में घूमकर पेयजल कनेक्शनों की जांच की। कुछ घरों में नल खुले चलते पाए गए जिससे पानी व्यर्थ बह रहा था। व्यर्थ बहते पानी को लेकर उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक किया। बिना टोंटी के चल रहे नलों पर वॉल लगाने के लिए उपभोक्ताओं को हिदायत दी गई। सरपंच ने कहा कि वे आदर्श गांव की संकल्पना रखती है। उन्होंने ग्राम वासियों से जल संरक्षण करने के अलावा स्वच्छता बनाए रखने, पेड़-पौधों को संरक्षण प्रदान करने, जोहड़ों को साफ व सुंदर रखने के लिए प्रेरित किया। सब्जी उगाने व खुला नल चलाने वाले उपभोक्ताओं को पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त हिदायत दी गई।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर गांव के बनवारी लाल, सिकंदर, राजेन्द्र, विरेन्द्र सिंह, हंसराज, मनोज, सचिन, विकास, जयपाल, बस्तीराम, कर्मवीर, दिनेश सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**मिशन शक्ति अभियान :** पंचायत भवन में पारंपरिक व्यवसाय जागरुकता कैंप आयोजित

# आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की योजनाओं का फायदा उठाएं महिलाएं

रोजगार पाने की न सोचकर अन्य को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। महिलाओं को जानकारी देते जिला समन्वयक दिनेश कुमार।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत वीरवार पंचायत भवन में कानूनी व पारंपरिक व्यवसाय जागरूकता कैंप का आयोजन किया। इसमें विभिन्न गांव की महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर नांगल चौधरी सीडीपीओ कांता देवी व नारनौल सीडीपीओ कमला देवी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि पारंपरिक व्यवसाय मुख्य रूप से दुकानों, कार्यालयों, कारखानों या गोदामों जैसे भौतिक स्थानों पर संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में नवाचार के साथ-साथ हर पल कुछ नया सीखने की भावना का होना जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि वे केवल महज अपने तक रोजगार पाने की न सोचकर अन्य को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरीबाला यादव ने कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी पीड़ित महिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आकर मुफ्त में कानूनी जानकारी ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 पर फोन कर कानूनी जानकारी ले सकते हैं। वन स्टॉप सेंटर से वंदना यादव ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर में पांच दिनों तक पीड़ित महिला को रहने खाने की मुफ्त में सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला समन्वयक दिनेश कुमार ने भी कानूनी व पारंपरिक व्यवसाय व्यवसाय के बारे में जानकारी दी।

**HOUSING BOARD HARYANA**
Plot No. C-15, Awas Bhawan, Sector-6, Panchkula
E-mail: cahbhpkl@gmail.com - Website: www.hbh.gov.in

**PUBLIC NOTICE**

**Sub:- Transfer of Final Regn. No.271 Provn. No. 459/MGH-09-10/T-A/SBI, T-A Mahendergarh under Defence Scheme (due to death of original applicant).**

It is notified for the information of the general public and all concerned that request to transfer the Final Regn. No. 271, Provn. No. 459/MGM-09-10/T-A/PNB, T-A Mahendergarh under Defence Scheme which stands in the name of Sh. Pratap Singh S/o Sh. Mamraj Singh as per record of this office.

It has been reported by Smt. Sumitra Devi W/o Late Sh. Pratap Singh that Sh. Pratap Singh S/o Sh. Mamraj Singh who was the successful applicant in the draw has claimed/ applied for the transfer of the said Final Regn. No. 271, Provn. No. 459/MGH-09-10/T-A/PNB, T-A Mahendergarh under Defence Scheme in her name due the death of her husband on dated 12.09.2015 on the basis of documents.

If anybody have any objection for the transfer of the said Final Regn. No. 23, Provn. No. 459/MGH-09-10/T-A/PNB, T-A Mahendergarh under Defence Scheme in favour of the applicant Smt. Sumitra Devi W/o Late Sh. Pratap Singh VPO-Khudana Ka Bass, Distt. Mahendergarh (Haryana) they may furnish their objection in writing in the office of the undersigned within 15 days from the date of publication of this notice, failing, which said Final Regn. No. 271, Provn. No. 459/MGH-09-10/T-A/PNB, T-A Mahendergarh under Defence Scheme shall be transferred accordingly and no further claim whatsoever shall be entertained on.

For **Chief Revenue Officer (PM), Secretary Housing Board Haryana, Panchkula.**

## खबर संक्षेप


नारनौल। नंबरदार एसोसिएशन को संबोधित करते प्रधान सरजीत

### नंबरदारों का बकाया मानदेय देने की भी उठी मांग

**नारनौल।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन की बैठक वीरवार यादव धर्मशाला में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कप्तान रघुबीरसिंह ने की। नंबरदारों की लंबित मांगों को पूरा करने के लिए विचार किया गया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि नांगल चौधरी तहसील का 21 माह, अटेली का 15 माह, नारनौल का भी 15 माह का बकाया मानदेय डलवाने को लेकर चर्चा हुई। नारनौल तहसील में काफी नंबरदारों का आबियाना भरने के नाम पर मानदेय रोका हुआ है।


नारनौल। लड्डू बांटकर खुशी मनाते कांग्रेसी नेता सृजन यादव।

### लड्डू बांटकर खुशी का किया इजहार

**नारनौल।** कांग्रेसी नेता सृजन यादव की अध्यक्षता में वीरवार पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनने की खुशी में लड्डू बांटकर खुशी मनाई। साथ ही 30 जून को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को कामयाब करने के लिए कार्यकताओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस मौके पर सीनियर वाईस प्रधान अनिल फाण्डल, प्रदेश महासचिव जसवंत भाटी, प्रदेश महासचिव सरजीत नम्बरदार, जिला प्रधान ओमप्रकाश माण्डैया, अमित राज, कृष्ण कुमार एडवोकेट, सुभाष चन्द्र व विक्रम माण्डैया आदि थे।

# शहबाजपुर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की 148 सीटों पर 757 आवेदन, इलेक्ट्रोनिक ट्रेड में रहेगी मारामारी

- विभागीय पोर्टल पर पहली मैरिट सूची जनरेट होगी आज, 2 जुलाई से सभी ट्रेडों की कक्षाएं नियमित रूप से लगेंगी

हरिभूमि न्यूज नांगल चौधरी

तकनीकी शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार आइटीआइ दाखिलों का ऑनलाइन पोर्टल 25 जून को बंद हो चुका है।

शहबाजपुर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की 148 सीटों पर 757 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। 28 जून को पोर्टल पर दाखिलों की मैरिट सूची अपलोड की जएगी। जिसमें शामिल आवेदकों को निर्धारित अवधि में फीस जमा करानी होगी।

आपको बता दें कि शहबाजपुर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को विभिन्न ट्रेडों की 188 सीटें मुहैया कराई गई हैं। दाखिला प्रक्त्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए विभाग ने पोर्टल लांच किया है। जिस पर प्रदेश की सभी निजी व सरकारी संस्थाओं का डाटा अपलोड किया गया है। जून महीने के पहले सप्ताह में पोर्टल को ओपन करके आईटीआइ में दाखिलों के आवेदन मांगे गए थे।


नांगल चौधरी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहबाजपुर। फोटो : हरिभूमि

शेड्यूल के अनुसार 25 जून की रात 11.59 बजे पोर्टल बंद हो चुका है। शहबाजपुर आइटीआइ की 148 पर 757 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। संस्था में इलेक्ट्रोनिक की स्वीकृत 20 सीटों पर सर्वाधिक 308 आवेदन मिले हैं। फीटर की 20 सीटों पर 200, कोपा की 48 सीटों पर 134, सीट मैटल की 40 सीटों की अनुमति है, जिसके लिए 72 आवेदन मिले हैं। टर्नर की 20 सीटों पर सबसे कम 43 आवेदन मिले हैं। सभी आवेदनों को वेरीफाइ करने की प्रक्त्रिया पूरी हो चुकी है। 29 जून को विभागीय पोर्टल पर मैरिट सूची जनरेट की जाएगी। सूची में शामिल आवेदकों को 2 जुलाई तक फीस जमा करानी होगी। फीस जमा नहीं कराने पर विभाग द्वारा दूसरी मैरिट सूची पोर्टल पर अपलोड करने का शेड्यूल है। इसके बाद विभिन्न ट्रेडों की कक्षाएं लगनी आरंभ हो जाएंगी।

### दाखिला प्रक्रिया में बरती जाएगी पारदर्शिता, पहली कट लिस्ट आज

प्राचार्य छत्रपाल यादव ने बताया कि संस्थान में विभिन्न ट्रेडों की 148 सीटों पर 757 आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत हुए हैं। 29 जून को पहली दाखिला सूची पोर्टल पर जनरेट होगी। सूची में शामिल आवेदकों को निर्धारित अवधि में फीस व आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे। दो जुलाई में सभी ट्रेडों की कक्षाएं लगनी आरंभ हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि दाखिला प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।

### 50 गांवों के विद्यार्थियों को मिलेगी रोजगारमुखी शिक्षा

नांगल चौधरी में एकमात्र सरकारी आइटीआइ स्थापित है। जिसमें नांगल चौधरी व निजामपुर ब्लॉक के करीब 50 गांवों के युवाओं को रोजगारमुखी शिक्षा मिलेगी। शहबाजपुर पंचायत के युवाओं को दाखिलों की मैरिट सूची में पांच अंक बतौर बोनस मिलेंगे। इसके अलावा 10+2 कक्षा उतीर्ण आवेदकों को भी निर्धारित मापदंडानुसार बोनस अंक मिलेंगे। फादर लैस आवेदक को भी मैरिट सूची में पांच अंक कृपार्थ देना तय किया गया है।

## नागरिक अस्पताल स्थित एंबुलेंस कंट्रोल रूम पर छापेमारी की और रिकार्ड खंगाला

# औचक निरीक्षण में एंबुलेंस कंट्रोल रूम के चार कर्मी मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने गुप्तचर विभाग की टीम के सहयोग से प्रातः करीब नौ बजे नागरिक अस्पताल स्थित एंबुलेंस कंट्रोल रूम पर छापेमारी की और रिकार्ड खंगाला। इससे कंट्रोल रूप के साथ-साथ नागरिक अस्पताल के स्टॉफ में हड़कंप मच गया। इस निरीक्षण में सीएम फ्लाइंग को कंट्रोल रूम के चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं, जिनसे विभागीय चिकित्साधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। गौर हो कि लोकसभा चुनाव उपरांत सीएम फ्लाइंग पहली बार क्षेत्र में सक्रिय नजर आई है।

इसी सक्रियता के चलते सीएम फ्लाइंग सुबह करीब नौ बजे नागरिक अस्पताल में बनाए गए एंबुलेंस कंट्रोल रूम पहुंची, जिनमें एएसआई सचिन कुमार, सीआईडी से एसआई जसवंत सिंह, एएसआई संजय कुमार एवं एएसआई अनिल कुमार शामिल थे। इस टीम ने अस्पताल गेट पर बनाए गए एंबुलेंस कंट्रोल रूम के हाजिरी रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। हाजिरी रजिस्टर चेक करने पर वहां से चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसके अलावा कंट्रोल रूम को आए टेलीफोन एवं एंबुलेंस सुविधा प्राप्त करने वाले लोगों से संपर्क किया गया और उनसे जाना गया कि उन्हें एंबुलेंस मिलने में कितना समय लगा और इसका कोई चार्ज तो नहीं लिया गया। मगर जो भी कॉल की गई, उनका जवाब सकारात्मक पाया गया और स्थिति संतोषजनक पाई गई। औचक निरीक्षण करने आई टीम ने मौके पर मिली एंबुलेंस को भी चेक किया तथा ड्यूटी स्टॉफ से जाना की उनमें कोई कमी तो नहीं है। गाड़ियों के दस्तावेज जैसे आरसी एवं इंश्योरेंस आदि भी चेक किए गए, जो पूरे पाए गए। इसी प्रकार इस टीम ने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी की भी जांच की, जो सही चलते हुए पाए गए। कुल मिलाकर छापेमारी में टीम को कोई बड़ी गड़बड़ी हाथ नहीं लगी। टीम ने कंट्रोल रूम के फ्लीट मैनेजर उमेश कुमार एवं अन्य स्टॉफ से भी बातचीत की तथा उनके कामकाज के व्यवहार के बारे में भी जाना।


नारनौल। एंबुलेंस कंट्रोल रूम में रिकार्ड खंगालती सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते हैं डिप्टी सीएमओ

एंबुलेंस कंट्रोल रूम के चिकित्सा अधिकारी एवं उपसिविल सर्जन डा. हर्ष चौहान ने बताया कि छापेमारी चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं। इनमें से एक देवदत्त के पिता की मौत होने के कारण वह हाजिर नहीं हो सका है, जबकि एक अन्य कर्मचारी कोविड सैंपल में ड्यूटी लगी होने के कारण वह शाम को अस्पताल आता है। जबकि दो अन्य कर्मचारी मौके पर नहीं मिले। इन सभी से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह रेंडमली चेकिंग थी, जो चलती रहती है। एंबुलेंस कंट्रोल सही प्रकार से काम कर रहा है तथा कहीं कोई गड़बड़ी नहीं की जा रही। आमजनता भी इसकी सर्विस से संतुष्ट है।

### क्या कहते हैं फ्लीट मैनजर

दूसरी ओर फ्लीट मैनेजर उमेश कुमार ने बताया कि सुबह सीएम फ्लाइंग औचक निरीक्षण करने आई थी तथा उन द्वारा मांगी गई जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाई गई है।

औचक निरीक्षण करने उपरांत सीएम फ्लाइंग वापस लौट गई। गौर हो कि सीएम फ्लाइंग ने एकसाथ सुनियोजित तरीके से प्रदेशभर के विभिन्न अस्पतालों में बने एंबुलेंस कंट्रोल रूम को किया है और इनके कामकाज को नोटिस किया है।


महेंद्रगढ़। बीडीपीओं को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# ट्यूबवेल कनेक्शन की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

क्षेत्र के किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन देने की मांग को लेकर समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बीडीपीओ व बलवान फौजी की तीखी बहस हुई। बीडीपीओ ने समाधान शिविर के दौरान बलवान फौजी पर राजनीतिक हित साधने के आरोप लगाए। वहीं बलवान फौजी का कहना था कि सरकार की ओर अधिकारियों को जनता के काम करने के लिए बैठाया गया है, अगर अधिकारी जनता कार्य नहीं कर पा रहे है तो अपने पद से इस्तीफा दें। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बताया कि वर्ष 2018 के बाद किसानों को नए ट्यूबवैल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। एक जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2021 तक जिन किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन खेतों में लगवाने के लिए आवेदन किया था, उनको अब सरकार 6/23 सर्कुलर के तहत अब ट्यूबवैल कनेक्शन जारी कर रही है। किसानों की ओर एक नए कनेक्शन की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली है तथा किसानों ने विभाग के पास राशि भी जमा करवा दी है।

इसके अलावा विभाग द्वारा बताई गई 30 हजार रुपये की सहमति राशि भी किसानों ने एक वर्ष पहले विभाग के पास जमा करा दी थी तथा विभाग की ओर से बताई गई एस्टिमेंट राशि भी जमा करा दी गई है, लेकिन अभी तक किसानों को नए कनेक्शन नहीं मिले हैं। इस मौके पर सोनू, मोनू, मनीपाल सरपंच, सुमित फौजी, वेदपाल, अजीत, विक्रम फौजी, सतपाली यादव, संदीप शास्त्री, सत्यवान सरपंच, सोनू सरपंच, योगेश ठेकेदार, संदीप झूक, अभय, रामभगत यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# अनिल कौशिक को पुलिस सम्मान देकर किया सम्मानित

- पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मिला सम्मान

महेंद्रगढ़। शहर निवासी राज्य सांस्कृतिक गतिविधियों के नोडल अधिकारी के साथ हरियाणा कला परिषद् में निदेशक अनिल कौशिक को डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने पुलिस सम्मान देकर सम्मानित किया। उनको यह सम्मान 26 जून को पंचकूला में आयोजित एक राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। बता दें कि अनिल कौशिक ने राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान में अपने द्वारा निर्देशित नाटक राम गुरुकुल मन से युवाओं को पूरी तरह से जागरूक करने में कामयाबी हासिल की। हरियाणा पुलिस के एडीजीपी ओपी सिंह की परिकल्पना को मूर्त रूप देते अनिल कौशिक ने म्यूजिकल ड्रामा राम गुरुकुल गमन का निर्देशन कर राष्ट्र व राज्य स्तर पर वाहवाही लूटी। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने अनिल कौशिक को नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए बधाई दी। अनिल कौशिक ने बताया कि इस नाटक का लेखन व निर्देशन के पीछे ओपी सिंह का विशेष मार्गदर्शन रहा। शीघ्र ही अनिल कौशिक देश के अनेक राज्यों में भी हरियाणा पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध अपने म्यूजिकल ड्रामे राम गुरुकुल गमन की प्रस्तुति से राष्ट्र स्तर पर अभियान चलाएंगे। शीघ्र ही पंचकूला में नाटक राम गुरुकुल गमन की एक भव्य प्रस्तुति की जाएगी। सम्मान समारोह में डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी ओपी सिंह, आईजी अंबाला शिवास कविराज ने अनिल कौशिक को पुलिस सम्मान से सम्मानित किया। पुलिस विभाग के अतिरिक्त यह सम्मान प्राप्त करने वाले कौशिक पहले व्यक्ति है।


महेंद्रगढ़। अनिल कौशिक को पुलिस सम्मान से सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश किए पारित

**नारनौल।** जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने सीआरपीसी की धारा-133 के तहत आदेश पारित कर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के नियम 1945 के अनुसार शेड्यूल एक्स या एच औषधियां बेचने वाले जिला के सभी मेडिकल फार्मेसी दुकानदार को अपनी दुकानों के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए सभी मेडिकल फार्मेसी दुकानों के मालिकों को एक महीने का समय दिया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को जिला औषधि नियंत्रक प्राधिकरण सीडब्ल्यूपीओ द्वारा कभी भी चेक किया जा सकता है। यदि कोई मेडिकल फार्मेसी दुकान मालिक आदेश का पालन करने में विफल रहता है।

# हकेंवि में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 34174 ओपनिंग रैंक


महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीटेक कार्यक्रम में पहले राउंड की काउंसलिंग के अंतर्गत सीटों का आबंटन कर दिया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथोरिटी (जोसा) के माध्यम से भी काउंसलिंग का आयोजन हो रहा है। इसके अंतर्गत आने वाले चार बीटेक कार्यक्रम- सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में सीटों का आबंटन किया गया है। विश्वविद्यालय में जोसा प्रवेश के नोडल अधिकारी डॉ. विकास पसरीचा ने बताया कि विश्वविद्यालय में जोसा के अंतर्गत कुल 210 सीटों के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। इनमें से 204 सीटों पर अलॉटमेंट कर दिया गया है। इनमें सिविल इंजीनियरिंग में 60 में से 57, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 में से प्रत्येक में 59 तथा प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में 30 में से 29 सीटें विद्यार्थियों को आबंटित की जा चुकी हैं।

- जोसा के अंतरगत दाखिला प्रक्रिया में चार कार्यक्रम में 204 को हुई सीट अलॉट

### इन सीटों पर हुआ पहले राउंड में आबंटन

| कार्यक्रम का नाम | सीटें | आवंटित सीटें | ओपनिंग रैंक | क्लोजिंग रैंक |
|---|---|---|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 60 | 57 | 49810 | 52481 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 60 | 59 | 34174 | 46197 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 60 | 59 | 52652 | 62139 |
| प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी | 30 | 29 | 65588 | 69736 |

ये सभी रैंक अनारक्षित सीटों के लिए हैं।

### आंदोलन के दौरान काटा गया वेतन देने की मांग, सीएम को भेजा मांग पत्र

**नारनौल।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भेजा गया है। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा 1996 की प्रधान कृष्णा देवी और महासचिव पुष्पा दलाल ने बताया है कि आंदोलन के दौरान 975 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को नौकरी से निकाल दिया गया था। बाद में उन्हें ड्यूटी पर ले लिया गया था। लेकिन आंदोलन के दौरान काटा गया उनका मानदेय आज तक नहीं मिला है। बाकी आंदोलनकारी कार्यकर्ता सहायिकाओं का पूरा भुगतान हो चुका है। उन्होंने प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि हम पहले भी मुख्यमंत्री से मिल चुकी है और उन्होंने भुगतान करने का आश्वासन दिया था। ज्ञापन में यह बात भी उठाई कि प्ले स्कूल में काम करने वाली वर्कर को 1000 बढ़कर मिलते हैं। इसलिए हेल्पर को भी 500 मिलनी चाहिए। किसी भी वर्कर के असामयिक मृत्यु होने पर दो लाख रुपये देने की मांग उठाई गई है। भयंकर गर्मी के चलते बहुत सारे सेंटरों में बिजली और पानी तक का प्रबंध नहीं है। साथ में ही जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता, तब तक कम से कम श्रमिक का दर्जा अवश्य दिया जाए। ये सभी मांगें यूनियन की तरफ से उठाई गई हैं। अगर इन पर कार्रवाई नहीं होती है तो हमें मजबूरन आंदोलन का रास्ता लेना पड़ेगा।

# जिला में समाधान शिविरों में आई 174 शिकायतें

- समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर हर शिकायत का स्टेटस किया जा रहा अपडेट

**नारनौल।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार जिला व खंड स्तर पर सैकड़ों नागरिकों की शिकायतों को सुना गया। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित मामलों को निपटाया। वहीं लघु सचिवालय में जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद ने जनसुनवाई की। वहीं उपमंडल स्तर पर भी समस्याओं का निराकरण किया गया। जिला में कुल 174 नागरिकों ने शिकायतें रखीं। इन समाधान शिविरों में हर रोज अधिकारी अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। सबसे पहले आवेदन पर नंबर लगाकर एक-एक शिकायतें सुनी जाती है। इसके बाद समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर हर शिकायत का स्टेटस अपडेट किया जाता है। यहां पर प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुलिस से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। मौके पर एसडीएम डा जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत सिंह व डीएसपी आदि अधिकारी मौजूद थे।


नारनौल। लघु सचिवालय में पीपीपी से संबंधित शिकायतें सुनते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा।

# ग्राहकों की फर्जी रसीदें तैयार कर लगाया चूना

- शिकायत होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना में कार्यरत दिगम्बर कैपफिन कम्पनी में कार्यरत कर्मचारी पवन कुमार वासी नांगल मोहनपुर द्वारा ग्राहकों को दिए गए ण की फर्जी रसीदें तैयार कर मोटी रकम का गबन कर दिया। जिसका खुलासा होने पर कम्पनी मुख्यालय जयपुर के कर्मी श्रीकांत बोहरा ने बीते समय हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। गृहमंत्री के हस्तक्षेप के बाद कनीना थाना पुलिस ने गबन के आरोपित कर्मचारी पवन कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। श्रीकांत बोहरा की ओर से गृहमंत्री को भेजी गई शिकायत में कहा कि उनकी कम्पनी आरबीआई से लाईसेंस लेकर आमजन को ऋण उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। कम्पनी की एक शाखा कनीना में भी संचालित है। जिसका प्रधान कार्यालय आनंद मोती, हिम्मत नगर गोपालपुरा जयपुर में है। आरोपित पवन कुमार वासी नांगल मोहनपुर उनकी कनीना स्थित कम्पनी में कार्यरत था। जिसके द्वारा कम्पनी के ग्राहकों के फर्जी कागजात तैयार कर उनके द्वारा लिए गए ऋण की राशि स्वयं फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर रकम का गबन किया है। सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि दिगम्बर कैपफिन कम्पनी में कार्य करने वाले आरोपित कर्मचारी पवन कुमार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## पीजी कालेज में आगामी 30 जून तक रोजाना होंगे दो शो

# नशा मुक्ति जैसे सामाजिक अभियान को जोड़ दिखाया जादू शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर का मैजिक शो का वीरवार राजकीय पीजी कालेज में रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ।

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जादू शो के शुभारंभ अवसर पर एडीसी ने कहा कि आधुनिक युग में भले ही हमारे पास विभिन्न मनोरंजन के साधन मौजूद हैं लेकिन परिवार के साथ मैजिक शो देखना एक अलग ही आनंद की अनुभूति देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे अधिक से अधिक मोबाइल जैसे गैजेट्स का प्रयोग कर रहे हैं। इन उपकरणों का उनके जीवन पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। बच्चों को इन गैजेट्स के दुष्प्रभावों से बचाना व जादुई कलाओं से जुड़ी हमारी समृद्ध संस्कृति से रूबरू इस जादुई शो का मुख्य मकसद है। सभी को परिवार संग यह शो जरूर देखना चाहिए। इससे बच्चों का स्क्रीन टाइम भी काम होगा। जादूगर शंकर ने कहा कि मैजिक शो में हाथ की सफाई और स्वस्थ मनोरंजन का बेहतरीन समागम होता है। उन्होंने बताया कि इस कला को अपनाने का उनका संकल्प दुनिया के अंदर अपनी अलग पहचान दिलाना रहा है।


नारनौल। कार्यक्रम का शुभारंभ करते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा।

### जादूगर शंकर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का जताया आभार

जादूगर शंकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जिलों में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रत्येक जिले में चार दिन यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शो के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, जल बचाओ अभियान, तिरंगे का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि यह शो सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से करवाया जा रहा है। यह शो दिन में दो बार दोपहर एक बजे से तीन बजे तक तथा शाम सात बजे से नौ बजे तक आयोजित होंगे। इस मौके पर प्रबंधक राकेश कटियाल व बीजेपी जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### 1 व 2 जुलाई को वितरित होंगे सीनियर सेकेंडरी वार्षिक परीक्षा के प्रमाण-पत्र

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च-2024 के विद्यालयी/गुरूकुल/विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन एवं कम्पार्टमैंट/अनुत्तीर्ण कार्ड प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों पर एक जुलाई को भेजे जा रहे हैं। इस संबंध में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने वीरवार बताया कि प्रदेश के सभी सीनियर सैकेण्डरी विद्यालयों/ गुरूकुलों/विद्यापीठों के मुखियाओं को इस बारे सूचित किया जाता है कि वे उनके विद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन एवं कम्पार्टमैंट/ अनुत्तीर्ण कार्ड एक जुलाई को प्रातः 11 बजे से शाम पांच बजे तक तथा दो जुलाई को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। यदि विद्यालय मुखिया स्वयं ये प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005